डिजीटल पत्र

दैनिक

कांग्रेस दर्पण

पटना, 18 जून, मंगलवार, 2024

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे राहुल गांधी वायनाड से प्रियंका गांधी लड़ेंगी चुनाव

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट छोड़ेंगे और संसद के निचले सदन में उत्तर प्रदेश की रायबरेली का प्रतिनिधित्व करेंगे. राहुल गांधी द्वारा रिक्त वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को यह जानकारी दी. कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा यहां अपने आवास पर इस मुद्दे पर चर्चा के बाद खरगे संवाददाताओं से बात कर रहे थे.कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ₹राहुल गांधी दो लोकसभा सीटों से जीते हैं, लेकिन कानून के अनुसार उन्हें एक सीट छोड़नी होगी. राहुल गांधी रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे और हमने फैसला किया है कि प्रियंका वायनाड से चुनाव लड़ेंगी.₹ चर्चा के दौरान कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा भी उपस्थित थीं.कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वर्ष 2024 के आम चुनाव में दो लोकसभा सीट (वायनाड और रायबरेली) से जीत हासिल की थी, जिसके बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि वह कौन-सी सीट बरकरार रखेंगे. हालांकि, कांग्रेस की केरल इकाई के प्रमुख के. सुधाकरन ने पहले ही संकेत दे दिया था कि कांग्रेस नेता वायनाड सीट छोड़ देंगे और ऐसा हुआ भी.हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी जीत हासिल करते हुए अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाकपा उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 मतों के अंतर से हराया था. राहुल गांधी रायबरेली सीट से भी चुनावी मैदान में उतरे और जीत हासिल की. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को 3,90,030 मतों के अंतर से करारी शिकस्त देकर गांधी परिवार की पारंपरिक सीट को बरकरार रखा है.

मेरा रायबरेली और वायनाड दोनों के लोगों के साथ एक विशेष रिश्ता है – इसलिए, इस निर्णय पर आना मुश्किल हो गया है। वायनाड से सांसद के रूप में, मैंने वहां अपने परिवार के साथ साझा किए गए प्यार, स्नेह और समर्थन के हर पल को संजोकर रखा है। जबकि प्रियंका वायनाड से चुनाव लड़ेंगी, मुझे खुशी है कि मैं रायबरेली का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। वायनाड और रायबरेली दोनों में अब दो–दो प्रतिनिधि हैं जो उनके कल्याण के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। हमारे दरवाजे आप सभी के लिए हमेशा खुले हैं।

पश्चिम बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

सभी शोकाकुल परिजनों को मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र से शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार को सभी पीड़ितों या उनके परिवारों को तुरंत पूरा मुआवजा देना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि राहत और बचाव प्रयासों में हर संभव सहायता प्रदान करें।

विगत 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि सीधा–सीधा मोदी सरकार के कुप्रबंधन और उपेक्षा का नतीजा है, जिसमें आए दिन यात्रियों के जान–माल का नुकसान होता है।आज की दुर्घटना इसी वास्तविकता का एक और उदाहरण है – एक ज़िम्मेदार विपक्ष के रूप में हम इस भयावह नजरंदाज़ी पर सवाल उठाते रहेंगे और मोदी सरकार को इन दुर्घटनाओं पर जवाबदेह बना कर रहेंगे।

आज कांग्रेस अध्यक्ष श्री खरगे से उनके निवास पर श्रीमती सोनिया गांधी जी, श्री राहुल गांधी संगठन महासचिव श्री केसी वेणूगोपाल और महासचिव श्रीमती प्रियंका जी ने मुलाकात की।

Eid Al Adha
/ RahulGandhi

अबकी बार
दाल रोटी पर वार

₹230 प्रति किलो

₹42 प्रति किलो

मोदी सरकार में हुए
बड़े रेल हादसे

26 मई, 2014
गोरखधाम एक्सप्रेस
25 लोगों की मौत
50 से ज्यादा घायल

20 नवंबर, 2016
इंदौर-पटना एक्सप्रेस
150 लोगों की मौत
150 से ज्यादा लोग घायल

18 अगस्त, 2017
पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस
23 लोगों की मौत
60 घायल

23 अगस्त, 2017
कैफियत एक्सप्रेस
70 लोग घायल

13 जनवरी, 2022
बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस
9 लोगों की मौत
36 घायल

2 जून, 2023
बालासोर रेल हादसा
296 लोगों की मौत
900 से ज्यादा घायल

17 जून, 2024
कंचनजंगा एक्सप्रेस
कई लोगों की मौत

जिम्मेदारी किसकी?